

भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की रिपोर्ट

मुख्य निष्कर्ष

सामाजिक प्रभाव के लिए अरबों
दानकर्ताओं की
क्षमता का सदुपयोग

2019

SATTVA
Delivering High Impact.

समर्थनकर्ता:

ROHINI NILEKANI
philanthropies

BILL & MELINDA GATES foundation

आभार सूची और अभिस्वीकृति

अप्रैल 2019 में सत्त्व द्वारा प्रकाशित। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और रोहिणी नीलेकणी फिलांथ्रोपिस द्वारा समर्थित

ईमेल	knowledge@sattva.co.in
बेवसाइट	https://www.sattva.co.in/
प्रमुख शोधकर्ता	आरती मोहन, संजना गोविल, ओजस मालपानी, भाविन छाया
अनुसंधान, विश्लेषण और उत्पादन	प्रीति खंडेलवाल, पलागति लेख्या रेड्डी, आशिका रवि, निकिता दामले, विनी जैन
परियोजना (प्रोजेक्ट) सलाहकार	हरि मेनन, अर्नव कपूर (बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन) रोहिणी नीलेकणी, गौतम जॉन (रोहिणी नीलेकणि फिलांथ्रोपिएस) रथिश बालकृष्णन (सत्त्व कंसल्टिंग)
डिजाइन और टाइपसेटिंग	www.Ideasutra.in
चित्र साभार	गिवइंडिया, दान उत्सव, भूमि, यूनाइटेड वे मुंबई, गायत्री मल्होत्रा, भाविन छाया, आईस्टॉक

हम प्रतिदिन दान के पारिस्थितिकी तंत्र में 79 संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 106 व्यक्तियों के प्रति आभारी हैं जिन्होंने इस रिपोर्ट के लिए उदारतापूर्वक अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की है। हम इस अध्ययन के दौरान पुष्पा अमन सिंह (गाइडस्टार इंडिया), अतुल सतीजा (गिवइंडिया), धवल उदानी (दानामोजो), इंग्रिड श्रीनाथ (सेंटर फॉर सोशल इंपैक्ट एंड फिलेनथ्रॉपी) और वेंकट कृष्णन के निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभारी हैं।

यह कार्य एट्रीब्यूशन–नॉन कमर्शियल–शेयरएलाइक 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन के तहत अनुज्ञापित किया गया है:

एट्रीब्यूशन– आप उचित श्रेय दे सकते हैं, लाइसेंस का लिंक प्रदान कर सकते हैं, और सूचित कर सकते हैं यदि कोई बदलाव किया गया था।

गैर–वाणिज्यिक – आप व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सामग्री का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

शेयरएलाइक – यदि आप सामग्री का रीमिक्स, रूपांतरण या इसके आधार पर निर्माण करते हैं, तो आपको मूल रूप से उसी लाइसेंस के तहत अपना योगदान वितरित करना होगा।

अनुसंधान अध्ययन के विस्तृत संस्करण तक पहुंचने के लिए स्कैन करें।

विषय सूची

04 संकेताक्षर

05 प्रस्तावना

06 भारत में प्रतिदिन होने वाले दान के बारे में 12 मुख्य बिंदु

08 प्रतिदिन होने वाले दान के बारे में यह रिपोर्ट क्यों तैयार की गई है?

09 परिचय

11 भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की मार्केट

21 भारत में प्रतिदिन होने वाले दान के लिए समाधान तंत्र

27 भारत में बढ़ता प्रतिदिन का दानः आगे का रास्ता

32 परिशिष्ट

- अध्ययन दृष्टिकोण, कार्यप्रणाली और सीमाएं
  - साक्षात्कारों की सूची
  - संदर्भ सूची

संकेताक्षर

B	b	एक अरब (1,000,000,000)
C	CAF	चैरिटीज एड फाउंडेशन
	CAGR	यौजिक वार्षिक वृद्धि दर
	CEO	मुख्य कार्यकारी अधिकारी
	CMDRF	मुख्यमंत्री राहत कोष
	cr	करोड़ (10,000,000)
	CRY	बाल अधिकार और आप
	CSIP	सामाजिक प्रभाव और लोक–कल्याण के लिए केंद्र, अशोक विश्वविद्यालय
	CSR	कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी
E	EG	प्रतिदिन दान
F	FCRA	विदेशी अंशदायी (विनियमन) अधिनियम, 2010
	FTE	पूर्णकालिक समकक्ष
G	GDP	सकल घरेलु उत्पाद
H	HNWI	हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल
I	INR	भारतीय रुपया
J	JAM	जन धन–आधार–मोबाइल
K	k	एक हजार (1,000)
L	l	एक लाख (100,000)
M	m	एक मिलियन (1,000,000)
N	NPCI	भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
	NSSO	राष्ट्रीय नमूना (पतिदर्श) सर्वेक्षण कार्यालय
O	OECD	आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन
P	PMNRF	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष
Q	QR code	त्वरित प्रतिक्रिया संकेतावली
S	SPO	सामाजिक उद्देश्य से जुड़े संगठन
U	U/HNWI	अल्ट्रा और हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल
	UNV	यूनाइटेड नेशंस वालंटियर्स (यूएनवी) प्रोग्राम

इकाइयां और विनिमय दरें

सभी मार्केट संख्याओं को निम्नलिखित में प्रस्तुत किया गया है:

अमेरिकी डॉलर (USD m)

भारतीय रुपया (₹ करोड़)

निम्नलिखित मुद्रा विनिमय दरों को लागू किया गया है:[1]

	2018	2023
रूपये से अमेरीकी डॉलर	0.015	0.014
अमेरिकी डॉलर से यूआन	6.8	6.8

प्रस्तावना

रोहिणी नीलेकणी

अजनबियों के प्रति दयालुता एक ऐसा विचार है जिसका दार्श. निक आधार बहुत मजबूत है। यह मानवता का एक आभास है जो सभी धर्मों के साथ–साथ जनजातीयता से भी बढ़कर है। यह एक विश्ववादी, सार्वभौमिक विचार है जो सामान्य व्यक्तियों को स्वयं आगे बढ़ने में सहायता करता है। हालांकि यह स्वाभाविक और वांछनीय है कि हम अपने संसाधन उन लोगों के साथ साझा करते हैं जिन्हें हम जानते हैं और जिन पर भरोसा करते हैं, या जो हमारे जैसे हैं, लेकिन इसके अलावा हमारे अंदर कुछ ऐसा भी है जो हमें संकट में फंसे एक अंजान व्यक्ति के प्रति सहानुभूति महसूस कराता है। यदि हम महसूस करते हैं, तो उस अंजान व्यक्ति में हम स्वयं को देखते हैं। और हम उसी दयालुता के साथ प्रतिक्रिया करते हैं, जैसी हम स्वयं प्राप्त करने की आशा रखते हैं।

प्रतिदिन होने वाले दान के बारे में यह रिपोर्ट सभी प्रकार की दयालुता के बारे में है, लेकिन कदाचित विशेष रूप से अजनबियों के प्रति दयालुता के बारे में है।

आज, पहले से कहीं अधिक, हमारे लिए अपनी दुनिया में कैद रहना संभव हो गया है, जिसके कारण हम दूसरों के जीवन और अनुभव से अलग हो गये हैं। वह तकनीकें जो हमें दुनिया भर के लोगों के साथ बातचीत करने में सहायता करती हैं, वही हमें अपने जैसे लोगों के समूह में वापस जोड़ने में भी सक्षम बनाती हैं। यह पहले से ही स्पष्ट हो चुका है कि यह हमें सहानुभूति, जीवंतता और नए विचारों से वंचित कर सकता है जो हमारे अतिरिक्त अन्य समुदायों की विविधता से प्राप्त होते हैं।

प्रतिदिन का दान लोगों को यह अलगाव दूर करने, परायापन समाप्त करने; सहभागिता बढ़ाने; और हमारी पारस्परिक निर्भरता व हमारी पारस्परिक कमजोरियों को स्वीकार करने के अवसर प्रदान करता है।

यह अच्छे विचारों, अच्छे व्यक्तियों और अच्छे संस्थानों का समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी आसान बनाता है, जिससे उन्हें स्वयं के भीतर झांकने में मदद मिलती है। अब तो तंत्रिका-वैज्ञानिक भी अपने नए शोध के आधार पर पुष्टि कर रहे हैं, जब हम किसी को कुछ देते हैं, चाहे बहुत छोटे तौर पर ही, हमारे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को खुशी प्राप्त होती है। हम संतुष्टि महसूस करते हैं; हम जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्रतिदिन किया जाने वाला दान धनवानों के लोक-कल्याण की भावना से कही अधिक शक्तिशाली प्रभाव है। यह अन्तर्भाग; नींव का निर्माण करने में मदद करता है जिससे सफल समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है।

हालांकि भारत में प्रतिदिन होने वाला दान अनौपचारिक है, लेकिन यह औपचारिक दान के लिए कई सारे मार्ग स्थापित करने का सही समय है। अनौपचारिक दान भी जारी रहना चाहिए, क्योंकि यह समाज में अरबों लोगों के सामाजिक संपर्क और सामंजस्य को दर्शाता है। लेकिन दान के औपचारिक माध्यम नए विचारों और संभावनाओं को स्थापित कर सकते हैं ताकि अधिक दान की अव्यक्त मांग को पूरा किया जा सके। यह तात्कालिक राहत की अपेक्षा मध्यम अवधि की परियोजनाओं के लिए समेकित निधिकरण कर सकता है। यह लोगों को नागरिक परिवर्तन के एक आंदोलन का हिस्सा बनने की अनुभूति प्रदान कर सकता है। इस तरह के औपचारिक दान को पहचान–आधारित या धर्म–आधारित संयोजनों की सीमा से ऊपर संरचित किया जा सकता है।

अनिश्चित भविष्य के कारण प्रतिदिन दान को प्रोत्साहित करने और औपचारिक रूप देने का यह सही समय है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हम पर बढ़ता जा रहा है और भारत दुनिया के सबसे कमजोर भौगोलिक क्षेत्रों में से है। हमें यह नहीं पता है कि कब और किस प्रकार की जलवायु संबंधी आपदाओं का सामना हो जाये। खराब परिस्थितियों का सामान करने और उनके प्रभावों को कम करने के लिए विस्तृत व्यापक सार्वजनिक सरंचनाओं के निर्माण हेतू मदद, समर्थन और राहत मुख्य समाधान हो सकते हैं।

यदि जनता और नागरिक समाज संगठनों के बीच विश्वास के संजाल को बनाया और सुदृढ़ किया जा सकता है, तो भविष्य में ज़रूरत के समय पर संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना बहुत आसान होगा।

भाग्यवश, अनुसंधान से पता चला है कि लाखों लोग प्रतिदिन दान करने के लिए तैयार हैं। फेस–टू–फेस मार्केटिंग जैसे ऑफलाइन माध्यम 20% का सीएजीआर और नए ऑनलाइन चैनल जैसे क्राउड फंडिंग, 30% की अच्छी वृद्धि प्रदर्शित कर रहे हैं।

सावधानीपूर्वक शोध की गई इस रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में स्वयंसेवा के रूप में दान की परम्परा का अभ्यास बहुत समय पहले से है, लेकिन इसे नए तरीके से प्रोसाहित किए जाने की जरुरत है! एक सूत्र के अनुसार, भारत में पूरी दुनिया के सबसे अधिक लोग स्वयंसेवा या धनदान कर रहे हैं जो अमेरिका और चीन से भी काफी अधिक है। यह उत्साहजनक है, लेकिन इससे अधिक की क्षमता का विश्लेषण भी आवश्यक है। वास्तव में, अनुसंधान से पता चलता है कि प्रयासों की कुछ सुव्यवस्थितता के साथ, भारत प्रतिदिन दान के नवाचारों का केंद्र बन सकता है। रिपोर्ट में समाज के सभी वर्गों–समाज, बाजार और सरकार के लिए कई सिफारिशों की जानकारी दी गई है।

हमें उम्मीद है कि इससे कई अन्य लोगों और संस्थानों को प्रतिदिन दान के इस मार्ग से जुड़ने में मदद मिलेगी और अजनबियों के प्रति दयालुता वाले एक अच्छे समाज के निर्माण का हमारा साँझा उदेश्य पूरा होगा।

भारत में प्रतिदिन दान के बारे में 12 मुख्य बातें

1 भारत में प्रतिदिन दान और नागरिक सहभागिता की समृद्ध परंपरा रही है। 2017 में, समुदाय, धर्म, आपदा–राहत कार्यों और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए प्रतिदिन होने वाला दान ~ ₹34k करोड़ (USD 5.1 b) था।

2 संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसी अन्य प्रमुख सामाजिक अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, भारत में प्रतिदिन होने वाले दान का 90% धर्म और समुदाय को दिया गया अनौपचारिक दान है। केवल ₹3.5k करोड़ / USD 528m (10%) सामाजिक उद्देश्य संगठन को जाता है, जो भारत में होने वाले कुल लोक–हितैषी दान का मात्र 6% भाग है।

3 सामाजिक उद्देश्य संगठन (एसपीओ) आज कम से कम 12 औपचारिक ऑफ़लाइन, ऑनलाइन और मिश्रित चैनलों के माध्यम से EG धन एकत्रित करते हैं। 80% से अधिक ऑफ़लाइन टेलीमार्केटिंग और फेस–टू–फेस संपर्क के माध्यम से एकत्रित किया जाता है, लेकिन ऑनलाइन और मिश्रित चैनल निरंतर तौर पर बढ़ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण डिजिटल शॉपिंग और भुगतानों में तेजी से होने वाली वृद्धि है, और लाखों लोग दान करना चाहते हैं।

4 पिछले एक दशक में, भारत में नागरिक सहभागिता और स्वयंसेवा में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे सहभागिता के माध्यम से दान की क्षमता भी वृद्धि हुई है।

5 भारतीय निवासियों और प्रवासी भारतीयों की बढ़ती आय, नये डिजिटल साधनों और बाजार नवाचारों के प्रति झुकाव से सकेंत मिलते हैं कि भारत के औपचारिक धर्मार्थ EG में चार गुना वृद्धि ~ ₹15,500 करोड़ / USD 2.3b, तक होने की संभावना है और इसका देश में अगले 3-5 वर्षों के दौरान कुल लोक-हितैषी दान में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

6 2021 तक फेस-टू-फेस और टेलीमार्केटिंग चैनलों का वर्चस्व जारी रह सकता है, लेकिन पे-रोल दान, क्राउडफंडिंग और ई-कॉमर्स-आधारित दान दृढ़तापूर्वक वृद्धि की ओर अग्रसर हैं।

7 भारत के प्रतिदिन के दानकर्ता चार कारणों से प्रेरित होते हैंः सुविधा, तात्कालिकता, समुदाय और प्रभाव। दानकर्ता व्यक्तिगत रूप से सामाजिक कारणों के साथ जुड़ना पसंद करते हैं, लेकिन विश्वसनीय एसपीओ, दान के प्रासंगिक माध्यमों और नियामक बाधाओं पर जानकारी की कमी उनके दान में बाधा डालते हैं।

8 अधिकांश भारतीय एसपीओ खुदरा दान का रास्ता तभी चुनते है ,जब अन्य फंडिंग के माध्यम दुर्गम होते हैं। कुछ बाहरी अवसरों या अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का लाभ उठाते हैं और केवल कुछ ही लोग ऐसा करते हैं क्योंकि नागरिक सहभागिता उनके मिशन के लिए महत्वपूर्ण है।

9 प्रभावी समाधानों के लिए दान के माध्यम भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की अनोखी चुनौतियों को अन्तर्निहित करते हैं। जबकि ऑनलाइन चैनल ~ 30% सीएजीआर से बढ़ रहे हैं, ऑफ़लाइन चैनलों का भारतीय संदर्भ में प्रभुत्व बना हुआ है।

10 पारिस्थितिक तंत्र में चार प्रकार के व्यक्ति होते हैंः प्रतिदिन के दानकर्ताओं को प्रभावित करने वाले प्रभावक, EG समाधान का समर्थन करने वाले फ़ंडर, अनुदान संचयन और ज्ञानवर्धन करने वाले समर्थनकर्ता तथा नियामक हस्तक्षेपों पर काम करने वाले नीतिगत पारिस्थितिकी तंत्र। वे भारत EG के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

11 भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की क्षमता प्राप्त करने और नागरिक सहभागिता की एक स्थायी संस्कृति बनाने के लिए, हमारा मानना है कि निम्नलिखित चार सिद्धांत महत्वपूर्ण हैंः

- दान में वृद्धि के लिए सार्थक सहभागिता महत्वपूर्ण हैं
- भारत में EG की यथार्थता को ध्यान में रखना और उनके लिए डिजाइन करना
- मुख्य विचारधारा वाले समुदायों और मौजूदा उपभोक्ता व्यवहारों का लाभ उठाना
- दानकर्ताओं को दान के स्मरण योग्य तरीकों की तरफ ले जाना

12 वर्णित चार मुख्य सिद्धांतों को लागू करते हुए, हम भारत में प्रतिदिन के दान को बढ़ावा देने और स्मरण योग्य तरीकों में वृद्धि करने के लिए छह हस्तक्षेप कार्यनीतियो की अनुशंसा करते हैंः

- प्रतिदिन के दानकर्ताओं के माध्यमों में वृद्धि करने की कार्यनीतियाँ
  - औपचारिक दान को और अधिक सुविधाजनक बनाने के माध्यमों का निर्माण करना
  - सामाजिक कारणों के साथ नागरिक सहभागिता में वृद्धि करना
  - वर्तमान धार्मिक और सामाजिक दान को रचनात्मक रूप से सामाजिक उद्देश्यों की तरफ मोड़ना

- EG की संख्या में वृद्धि करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए रणनीतियाँ
  - प्रतिदिन दानकर्ताओं की सहभागिता और दान में वृद्धि करने के लिए एसपीओ क्षमता को मज़बूत करना।
  - प्रतिदिन दान पर ज्ञान और विवरण को मजबूत करना
  - पक्षसमर्थन और कार्यान्वयन समर्थन के माध्यम से नीतिगत बाधाओं को कम करना

प्रतिदिन दान के बारे में यह रिपोर्ट क्यों तैयार की गई है?

भारत में समाज और समुदाय को व्यक्तिगत दान की एक लंबी और समृद्ध परंपरा रही है। भारत के "प्रतिदिन दानकर्ता" धार्मिक परंपराओं जैसे कि दान, सेवा, जकात, और लंगर से प्रेरित होते हैं। देश के कमजोर वर्गों के लिए बुनियादी गरिमा और नागरिक अधिकारों को सुरक्षित करने के प्रति भी प्रतिदिन दानकर्ताओं का रिकॉर्ड रहा है। भले ही उनके पास समस्याओं के निपटान के लिए बड़े संसाधन न हो, लेकिन वे अपने सामर्थ्य के अनुसार कम मात्रा में ही सही लेकिन अर्थपूर्ण तरीके से योगदान करते हैं और प्रतिदिन के दानकर्ताओं की सामूहिक ताकत ने भारत के सामाजिक विकास में बार–बार ऐतिहासिक क्षणों को प्रेरित किया है।

पिछले कुछ वर्षों में, बाजार और सरकार ने सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों में उद्यम लोक–कल्याण की भावना, प्रभावित करने वाले निवेश, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) और अन्य नवीन आदर्श परिवर्तनों के माध्यम से अपने योगदान और सहभागिता को बढ़ाया है। घरेलू तौर पर लोक–कल्याण की भावना में इस महत्वपूर्ण वृद्धि ने भारत में गरीबी के विरूद्ध चुनौतीपूर्ण लड़ाई और समावेशी विकास की दिशा में कई सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किये हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में तीसरा महत्वपूर्ण स्तंभ समाज है– एक मजबूत समाज के लिए एक मजबूत नागरिक अधिकार की आवश्यकता होती है, और यह प्रतिदिन होने वाले दान को जीवंत लोकतंत्र के लिए भारत की दीर्घकालीन परिकल्पना हेतू अपरिहार्य बनाता है। प्रतिदिन किया जाने वाला दान निधिकरण का एक स्थिति–स्थापक और दीर्घकालिक प्रारूप है और यह भारत के बड़े गैर–लाभकारी क्षेत्र के प्रति सामाजिक समर्थन का प्रदर्शन भी करता है।

समाज, सरकार और बाजार के बीच वास्तविक संतुलन बनाए रखने और भारत के सामाजिक विकास पर परिवर्तनकारी प्रभाव डालने हेतू, हम मानते हैं कि प्रतिदिन के दानकर्ताओं को परिवर्तन के सिद्धांतों को आकार देने और वित्तपोषण करने में अपरिहार्य भागीदारों के रूप में गंभीरतापूर्वक सहभागी बनने की आवश्यकता है।

यह रिपोर्ट भारत में होने वाले प्रतिदिन दान के संबंध में बाज़ारों, समाधानों, नवाचारों, चुनौतियों और अवसरों का हर तरह से किया गया पहला अनुसंधान है। एक व्यापक बाजार आकलन प्रक्रिया के माध्यम से, 106 विशेषज्ञों के साथ बातचीत, 700+ प्रतिदिन दान करने वाले व्यक्तियों और 40 धर्मार्थ संगठनों के साथ सर्वेक्षण, और 2018 में #GivingTuesday-India दान और दान उत्सव आयोजन के बारे में व्यापक अनुसंधान के बाद यह शोध अध्ययन सितंबर 2018 और मार्च 2019 के बीच संचालित किया गया था। इसके तहत भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की स्थिति की जाँच की गई और समझने का प्रयास किया गया कि सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत में प्रतिदिन होने वाले दान की संपूर्ण मानसिक, पेशीय और वित्तीय शक्ति को उन्मुक्त करने का क्या मतलब होगा।

"भारतीय संदर्भ में, हमें एक दाता द्वारा एक अरब डॉलर की अपेक्षा एक अरब दानकर्ताओं की आवश्यकता है। दान की एक प्रारंभिक और व्यापक संस्कृति हमारे लिए बेहतर है।."

– आनंद महिंद्रा, अध्यक्ष,
महिंद्रा ग्रुप और संस्थापक, नन्ही कली[2]

परिचय

चित्र 1

भारत में नागरिकों द्वारा बड़े पैमाने पर चलाये गये सामाजिक परिवर्तनों का विवरण

1973

चिपको आंदोलन

सात वर्षों तक, 150 गांव 12 विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे, जिसके परिणामस्वरूप हिमालय में वाणिज्यिक कटाई पर 15 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया गया।

1985

नर्मदा बचाओ आंदोलन

मेधा पाटकर द्वारा जमीनी स्तर पर शुरू किए गए इस आंदोलन के तहत नर्मदा नदी पर बांधों के निर्माण से होने वाले सामुदायिक विस्थापन का विरोध किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आने वाले अदालत के फैसले से बांध निर्माण पर काम बंद हो गया था।

1987

सूचना का अधिकार अधिनियम

राजस्थान के देवडूंगरी गाँव में चार किसानों द्वारा शुरू किये गये, इस विरोध प्रदर्शन ने तीन वर्ष में एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया, जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए वेतन की मांग की गई थी, जो सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की स्थापना के रूप में समाप्त हुआ।

2001

भोजन का अधिकार अभियान

2001 में सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई पीआईएल के रूप में शुरू हुआ यह आंदोलन शीघ्र ही एक देशव्यापी आंदोलन बन गया, जिसके परिणामस्वरूप मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील) और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का निर्माण हुआ।

2004

वादा न तोड़ो अभियान

गरीबी, सामाजिक बहिष्कार और भेदभाव को समाप्त करने के अपने वादे के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराने हेतू 27 राज्यों के 3000 से अधिक समूह एकत्रित हुए थे।

2011

भ्रष्टाचार के विरूद्ध भारत

जन लोकपाल बिल के लिए अन्ना हजारे द्वारा शुरू किये गये इस आंदोलन के तहत भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए देशव्यापी प्रदर्शन किये गये, जुलूस निकाले गये, भूख हड़ताल की गई, रैलियां निकाली गईं और सोशल मीडिया पर अभियान चलाये गये थे।

2012

निर्भया आंदोलन

दिल्ली में एक युवती के साथ हुए हिंसक बलात्कार के विरूद्ध हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया था। इसके परिणामस्वरूप रेप क्राइसिस सेल की स्थापना हुई, भारतीय आपराधिक कानून में महत्वपूर्ण संशोधन, दिल्ली में विशेष महिला बस सेवा शुरू की गई, निर्भया फंड और भी बहुत कुछ हुआ।

2013

नियमगिरी आंदोलन

डोंगरिया कोंध आदिवासियों द्वारा बॉक्साइट खनन के विरूद्ध शुरू किये गये इस विरोध आंदोलन ने शीघ्र ही राष्ट्रव्यापी रूप ले लिया था। 12 वर्ष बाद, सुप्रीम कोर्ट ने भूमि पर आदिवासियों के अधिकारों की पुष्टि की।

2017

#MeToo आंदोलन

#MeToo की शुरुआत एक सोशल मीडिया हैषटैग के रूप में हुई जिसने वैश्विक समाज में यौन उत्पीड़न को व्यापक तौर पर उजागर किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत में कई उद्योगों से जुड़े प्रसिद्ध पुरुषों को इस्तीफा देना पड़ा।

स्रोतः केंटकी विश्वविद्यालय (2006), मानविकी और सामाजिक विज्ञान पर आईओएसआर जर्नल (2016), इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल एथिक्स (2018), कॉर्पोरेट एक–काउंटबिलिटी रिसर्च (2016), सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज (2018)

धार्मिक दान, सामुदायिक दान और नागरिकों के नेतृत्व वाले सामाजिक परिवर्तन भारत के इतिहास और संस्कृति में निर्विवाद रूप से अंतर्निहित है।[3] भारत में प्रत्येक धर्म दान देना अनिवार्य या प्रोत्साहित करता है: हिंदू धर्म में 'दान' और 'सेवा' को 'धर्म' के महत्वपूर्ण पहलुओं के रूप में देखा जाता है; सिख, इस्लाम और ईसाई धर्म में वार्षिक आय के 10% को 'दशवन्ध', 'ज़कात' या 'तिथे' के रूप में दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है; धार्मिक संस्थान अक्सर ऐसे स्थान होते हैं जहाँ समुदाय की सेवा नियमित तौर पर की जाती है, जैसे प्रत्येक गुरुद्वारा में मुफ्त सामुदायिक भोजन की व्यवस्था– जिसे 'लंगर' कहते हैं–[4] एक परिवार या परिचित समुदाय के सदस्यों को जरूरत पड़ने पर सहायता देना भारत में समान रूप से अच्छी तरह स्थापित है।[5]

भारत में प्रतिदिन दान करने वाले व्यक्तियों का उचित कारणों के लिए अपनी आवाज़ उठाने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है, जैसा कि चित्र 1 में नागरिक–नेतृत्व वाली सहभागिता की समयरेखा से पता चलता है। सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार और रोजगार अधिकार बड़े पैमाने पर सार्वजनिक भागीदारी के कारण नीतियों में हुए परिवर्तनकारी बदलाव के कुछ उदाहरण हैं। पिछले एक दशक में, नागरिक सहभागिता और स्वयंसेवा में तेजी से वृद्धि हुई हैः चैरिटीज एड फाउंडेशन (सीएएप) द्वारा तैयार वैश्विक दान सूचकांक 2018 के अनुसार, भारत में विश्व के सबसे अधिक लोग (191m) दान करते हैं जो अमेरीका (158 m) और चीन (156 m) से काफी अधिक है, डिजिटल माध्यमों की वृद्धि से ऑनलाइन नागरिक सहभागिता के अवसर बढ़े हैं और पिछले एक दशक में कई तरह के प्लेटफॉर्मों का विकास हुआ है।[6] डिजिटल पैंठ में वृद्धि से दान के प्रति एक आशाजनक प्रतिक्रिया देखी गई हैः #GivingTuesdayIndia में 2017 और 2018 के बीच 6.7 गुना वृद्धि देखी गई है, 2018 में एक सप्ताह के भीतर ₹9.03 करोड़ एकत्रित हुए थे।[7] केवल पेटीएम ने केरल बाढ़ राहत[8] के लिए एक सप्ताह के भीतर 12 लाख उपयोगकर्ताओं से ₹30 करोड़ (USD 4.6 m) एकत्रित किये थे जबकि पुलवामा में शहीदों के परिवारों के लिए भारत के वीर ऐप[9] के माध्यम से 36 घंटे में ₹7 करोड़ (USD 1.1 m) एकत्रित किये गये थे।

HNWI(उच्च निवल मालियत व्यक्ति) दान के पूरक के लिए व्यक्तिगत दान की आवश्यकता और सामाजिक प्रभाव के लिए संस्थागत दान में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (NITI) आयोग के अनुसार सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को साकार करने में भारत को USD8.5 ट्रिलियन (₹533 लाख करोड़ रुपये) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। NITI आयोग ने भारत के लिए 62 संकेतकों का उपयोग करके 17 में से 13 लक्ष्यों पर भारत में राज्यों के माध्यम से लक्ष्यों की प्राप्ति हेतू आलेखन द्वारा एसडीजी सूचकांक की स्थापना की है। और इसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश राज्यों में, लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आधे से अधिक कार्य किये जा चुके हैं।[10] बैन डासरा की भारत में लोक–कल्याण से संबंधित रिपोर्ट 2019 से पता चला है कि घरेलू व्यक्तिगत दान में वृद्धि हो रही है, जिसका यू/एचएनडब्ल्यूआई के कुछ लोगों द्वारा सहयोग किया जा रहा है।[11] इसके साथ ही CSIP द्वारा किये गये एक अध्ययन 2018 से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में विकास के लिए विदेशी संस्थागत वित्त पोषण कम हो गया है।[12] प्रतिदिन होने वाला दान स्थायी निधिकरण के निरंतर स्रोत के रूप में काम कर सकता है जो विकास के लिए दानकर्ताओं में कमी को पूरा कर सकता है; और कुछ मामलों में, केवल धन उपलब्ध करा सकता है। भारत के मध्यम वर्ग के आकार और संपदा में तेजी से विस्तार होने के साथ ही भारत में प्रतिदिन होने वाले दान के प्रति उनका झुकाव बढ़ाया जा सकता है जो भारत के एक अरब से अधिक दानकर्ताओं के छोटे, सार्थक योगदान के माध्यम से देश में सामाजिक विकास के लिए परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण होगा।

यह अध्ययन भारत के जटिल प्रतिदिन दान की मार्केट के आकार और क्षमता का पता लगाने और अंतर्निहित वाहकों व इसके विकास में आने वाली चुनौतियों के विश्लेषण का पहला गहन प्रयास है। यह अध्ययन प्रतिदिन दान करने वाले व्यक्तिओं को प्रेरित करने वाले कारकों, प्रतिदिन दान करने वाले व्यक्तियों की सहभागिता बढ़ाने का प्रयास करने वाले एसपीओं में दान बढ़ाने वाले प्लेटफॉर्मों के सामने आने वाली चुनौतियों की जाँच–पड़ताल करता है, ताकि प्रतिदिन के दान को वास्तविक बनने के लिए समर्थन मंच प्रदान किया जा सके।

परिशिष्ट एक विस्तारित अनुसंधान प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, दृष्टिकोण, कार्यक्षेत्र और अध्ययन की सीमाओं को सूचीबद्ध करती है।

भारत में प्रतिदिन दान की मार्केट

खंड –1

बाजार अध्ययन की पूरी कार्यप्रणाली और तकनीकी परिशिष्ट तक पहुंचने के लिए स्कैन करें

1

भारत में प्रतिदिन दान और नागरिक वचनबद्धता की समृद्ध परंपरा रही है। 2017 में, समुदाय, धर्म, आपदा–राहत कार्यों और धर्मार्थ कारणों में प्रतिदिन होने वाला दान ~ ₹34k करोड़ (USD 5.1 b) था।

भारत में प्रतिदिन होने वाले दान करने वाले सामान्य नागरिक हैं जो देश में और विदेशों में रहते हैं, वे भारत में चार प्रमुख स्तरों पर अपने धन, कौशल, आवाज़ और सामान का कम मात्रा में ही सही लेकिन सार्थक तरीके से योगदान देते हैं। वे चार स्तर स्थानीय
समुदाय, धर्म, आपदा राहत और सामाजिक उद्देश्य संगठन (एसपीओ) हैं।

चित्र 2

भारत में प्रतिदिन दानकर्ताओं को निर्दिष्ट करना

कौन है
एक प्रतिदिन दानकर्ता?

प्रतिदिन दान (EG)
भारत में सामाजिक विकास के लिए व्यक्तियों द्वारा दान जिनकी वार्षिक आय ₹2.5 लाख / USD 3.8k से अधिक और कुल आय ₹7 करोड़ /USD 1m से कम है।

भारतीय नागरिक
भारत में निवास करने वाले व्यक्ति

प्रवासी भारतीय
गैर–निवासी भारतीय जिनका संजाति मूल भारतीय हैं।

वैश्विक नागरिक
वैश्विक नागरिक जो भारत के सामाजिक विकास के लिए दान करते हैं।

वे क्या
दान करते हैं?

धन
नकद या गैर–नकद वित्तीय लेन–देन

सामान
विभिन्न तरह के दान जैसे भोजन, कपड़े आदि।

आवाज़
ऑनलाइन और ऑफलाइन आंदोलनों के माध्यम से जागरूकता–निर्माण या समर्थन जुटाना

समय / कौशल
स्वयंसेवा

वे कहाँ
दान करते हैं?

औपचारिक दान
पंजीकृत चैनलों के माध्यम से दिया गया धन जिससे व्यक्तिगत दानकर्ताओं और स्रोतों पर नज़र रखी जा सकती है

धर्मार्थ दान (एसपीओएस)
भारत में भारतीय और वैश्विक पंजीकृत सामाजिक उद्देश्य संगठनों (एसपीओ) को दान देते हैं जो स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक समस्याओं पर परिणामों में सुधार करने के लिए कार्यक्रम चलाते हैं। जैसे क्राई, हेल्पएज, वर्ल्ड विजन

आपदा–राहत कार्यों के लिए दान
सरकारी या गैर–लाभकारी आपदा राहत कार्यक्रमों को दान देते हैं। जैसे मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष, प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष, गूंज

अनौपचारिक दान
धन जो बड़े पैमाने पर नकद दिया जाता है और व्यक्तिगत दानकर्ताओं और स्रोतों को ट्रैक नहीं किया जा सकता है।

सामुदायिक दान
प्रतिदिन दानकर्ता समुदाय में जरूरतमंद व्यक्तियों को सीधे दान जैसे परिवार / मित्र, नौकर/ड्राइवर, बेघर लोग, जरूरतमंद अजनबी, पड़ोसी संघ या समूह

धार्मिक दान
धार्मिक या आध्यात्मिक संस्थानों को दान। जैसे ज़कात, तिथे, मंदिर में दान, आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन को दान

स्रोतः प्राथमिक और माध्यमिक डेटा से सातत्व विश्लेषण

2017 के दौरान भारत में प्रतिदिन का दान (EG) ₹34,242 करोड़ (USD 5,136 m) था, जो चीन[13] में प्रतिदिन के दान से लगभग दोगुना था और अल्ट्रा और हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल (U / HNWI) से 30% तक अधिक था।[14] हालांकि, दान के पारंपरिक तरीकों के अनुरूप, भारत में प्रतिदिन के दानकर्ताओं ने सामुदायिक और धार्मिक कारणों को प्राथमिकता दी है, इसके बाद आपदाओं जैसी तत्काल परिस्थितियों को दान दिया गया है। प्रतिदिन का दान निवासियों और भारतीय प्रवासियों द्वारा समान रूप से दिया जाता है, इसके बाद दान देने वालों में वैश्विक नागरिकों का स्थान आता है।

2

संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसी अन्य प्रमुख EG अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, भारत में प्रतिदिन होने वाले दान का 90% धर्म और समुदाय को दिया गया अनौपचारिक दान है। केवल ₹3.5k करोड़ / USD 528m (10%) एसपीओ को जाता है, जो भारत में होने वाले कुल लोक–हितैषी दान का मात्र 6% भाग है।

चित्र 3

भारत में प्रतिदिन होने वाले दान का प्रवाह



स्रोत: पूर्व निर्धारित राजस्व डेटा का सत्त्व विश्लेषण, वित्त मंत्रालय (2018–2019), व्यक्तिगत दान का एफसीआरए डेटा (2016–17), प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (2016), मुख्यमंत्री राहत कोष (2018), एनएसएसओ (2014–15), घरेलू स्वास्थ्य व्यय – स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय (2013–14), सीएसजीआर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर – स्टेटिस्टा (2018), विशेषज्ञों के साथ गुणात्मक साक्षात्कार।

उद् घोषणा): संख्याएं 2016–17 के लिए विवरण प्रदान करती हैं और इसमें वस्तुओं का दान शामिल नहीं हैं। अनौपचारिक धार्मिक दान की अनिश्चित मात्रा के कारण इसकी एक निर्धारित सीमा है। यह सीमा विशेषज्ञों से गुणात्मक साक्षात्कार के आधार पर ली गई है।

भारत का **अनौपचारिक दान** प्रतिदिन के कुल दान का 90 % (₹30.7k करोड़ / USD 4.6 b) है; जो बड़े पैमाने पर नकद राशि के रूप में दिया जाता है और व्यक्तिगत दानकर्ताओं या स्रोतों का पता नहीं लगाया जा सकता है। अधिकांश अनौपचारिक दान सामुदायिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए निर्देशित किया जाता है। अनौपचारिक तरीकों से दिया जाने वाला सामुदायिक दान (~ ₹21.5k करोड़ / USD 3.2 b) स्वास्थ्य से जुड़ी आपात परिस्थितियों और समुदाय के सदस्यों की अन्य बुनियादी जरूरतों जैसे घरेलू मदद या बेघर को कवर करने के लिए निर्देशित किया जाता है। धार्मिक दान (₹8.8k करोड़ / USD 1.3 b) धार्मिक या आध्यात्मिक संस्थानों को दिया जाता है, जिनमें से औसतन लगभग 13% को धार्मिक

संस्थानों के माध्यम से धर्मार्थ उद्देश्यों या एसपीओ को सामाजिक उपक्रम की स्थापना या सरकारी योजनाओं में योगदान के लिए पुनर्निर्देशित किया जाता है। अनौपचारिक दान का एक छोटा सा भाग (₹0.3-0.6k करोड़/ USD 44-88 m) एसपीओ को सामुदायिक संघों, मित्रों और परिवार के माध्यम से दिया गया धर्मार्थ दान है।

भारत में औपचारिक दान, या औपचारिक माध्यमों से होने वाला दान जिसे ट्रैक किया जा सकता है, प्रतिदिन होने वाले दान का मात्र 10% (₹3.3k करोड़/ USD 496 m) है, जिसे मुख्य रूप से सामाजिक कार्यों में सुधार करने के लिए एसपीओ को दिये जाने वाले औपचारिक धर्मार्थ दान (₹2.9k करोड़) / USD 440 m) और सरकार को आपदा–राहत के लिए दिये जाने वाले दान (₹0.2k करोड़ / USD 32 m) के रूप में विभाजित किया गया है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, आपदा–राहत दान का लगभग आधा हिस्सा सरकारी राहत योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री राहत कोष (CMRF) में जाता है, और शेष आधा हिस्सा एसपीओ राहत प्रयासों (उदा. गूंज राहत अभियान) में चला जाता है। दिलचस्प है, कि औपचारिक दान का एक छोटा सा हिस्सा क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म (₹0.2k करोड़ / USD 24 m) के माध्यम से प्राप्त किया जाने वाला सामुदायिक दान है; जैसे चिकित्सा व्यय को कवर करने के लिए अभियान।

इस तरह **एसपीओ** को प्राप्त होने वाला **कुल धर्मार्थ** EG लगभग ₹3.5k करोड़/ USD 528 है जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक दोनों दान शामिल हैं। जबकि सामुदायिक और धार्मिक दान के मामले में, प्रतिदिन दानकर्ताओं में पहले से गहरे संबंध और सहभागिता के अवसर मौजूद है, लेकिन एसपीओ को मिलने वाले दान के बारे में यह सही नहीं है। एसपीओ का पता लगाने के लिए विश्वसनीय स्रोतों का अभाव, सुविधाजनक दान के लिए माध्यमों की कमी, और संचार में कमी कुछ ऐसी चुनौतियां हैं जिनके कारण एसपीओ को दान की कम हिस्सेदारी मिली है।

3 अनुमानों की तुलना करके एसपीओ के औपचारिक दान को त्रिभुजाकार रूप दिया गया है:

एसपीओ द्वारा प्राप्त धर्मार्थ दान और विदेशी योगदान (FCRA) के लिए 80-G और 80-GGA के लिए कर कटौती पर दावे के बारे में पर सरकारी रिपोर्ट।

रिटेल अनुदान संचयन करने वाले शीर्ष 30 एसपीओ की वार्षिक रिपोर्ट से देश में एसपीओ राजस्व वितरण पर आधारित एसपीओ के परिणामों के लिए व्यापक अनुमान लगाया जा सकता है।

EG माध्यमों जैसे क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म, मैराथन फंडराइजर और माध्यमिक अनुसंधान व विशेषज्ञों के साथ गुणात्मक साक्षात्कारों से EG माध्यमों द्वारा एकत्रित धनराशि का विस्तृत अनुमान लगाया जा सकता है।

कुल प्रतिदिन दान	₹34k करोड़ / USD 5.1 B	**अनौपचारिक प्रतिदिन दान**	₹30.7k करोड़ / USD 4.6 B
कुल धर्मार्थ एसपीओएस को दिया गया	₹3.5k करोड़ / USD 528 M	**औपचारिक प्रतिदिन दान**	₹3.3k करोड़ / USD 496 M

नोट; अनुमान एक वर्ष की अवधि के लिए हैं

अन्य सामाजिक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में, व्यक्तिगत दान (U/HNWI योगदान सहित) भारत की जीडीपी का 0.24% हिस्सा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका की जीडीपी का 2% और चीन की जीडीपी का 0.04% हिस्सा है।[15] भारत में सामाजिक विकास के लिए धर्मार्थ EG से एसपीओ में निजी मानव–सौहार्द का 6% हिस्सा शामिल हैं, जबकि यह संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 60% पर स्थिर रहा है।[16] रणनीतिक तकनीकी समाधान जैसे कि फेसबुक डोनेशन बटन, ट्विटर डोनेशन और पेपल गिविंग फंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिदिन दान की संभावनाएं बढ़ाने में मदद की है।

चीन में, पिछले 10 वर्षों में सामाजिक विकास के लिए प्रतिदिन होने वाले दान में लोक–कल्याण के 10% तक वृद्धि हुई है जो बड़े पैमाने पर नीति में बदलावों और प्रौद्योगिकी बाधाओं को कम करने से हुआ है।[17] टेनसेंट ने वीचैट पे, टेनसेंट फाउंडेशन और 99 चैरिटी डे को लॉन्च करके बाधाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 99 चैरिटी डे ने 2015, 2016 और 2017 में 3 दिनों के भीतर प्रतिदिन के दानकर्ताओं से क्रमशः USD 19m, USD 45m और USD 122m दान प्राप्त किये है।[18]

भारत में सामाजिक विकास हेतू होने वाले कुल लोक–हितैषी अनुदान संचयन में भारत में प्रतिदिन होने वाले दान का लगभग 6% योगदान है, जिसकी तुलना में अमेरिका में ~60% और चीन में 10% है, जहां डिजिटल भुगतान में वृद्धि, नीतियों में सुधार और प्रौद्योगिकी पर आधारित समाधानों ने EG को काफी प्रेरित किया है।

चित्र 4

भारत, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले प्रतिदिन के दान की तुलना



स्रोतः सत्त्व अनुसंधान, सीएएफवर्ल्ड गिविंग इंडेक्स (2018), गिविंग यूएसए (2018), गिविंग चाइना रिपोर्ट (2017), हुरुन (2018), बीसीजी–गूगल डिजिटल कंज्यूमर स्पैंडिंग (2018), बैन इंडिया फिलानथ्रॉपी रिपोर्ट (2017)

सीएएफ वर्ल्ड गिविंग इंडेक्स स्कोर 2018 के अनुसार, भारत (रैंक 124) का स्थान चीन (रैंक 142) से आगे है, लेकिन अमेरीका (रैंक 4) से काफी पीछे है, जहां गणना उन लोगों के अनुपात का एक संयुक्त औसत है, जिन्होंने साक्षात्कार से पहले महीने में एक या एक से अधिक बार निम्नलिखित कार्यों की सूचना दी हैः एक अंजान व्यक्ति की मदद करना, धन दान करना और समय–समय पर स्वयंसेवा करना।[19] भारत में व्यक्तिगत दान (प्रतिदिन होने वाले दान और U/HNWI दान का योग) जीडीपी प्रतिशत का 0.24% हिस्सा है, जो अमेरिका के 2% से काफी कम है लेकिन चीन के 0.04% से अधिक है।[20]

डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करने और डिजिटल सेवाओं की स्वीकार्यता में कमी के कारण भारत में चीन की तुलना में ऑनलाइन दान बहुत पिछड़ा हुआ है– 2018 में भारत के 20% की तुलना में चीन में 63% ई–कॉमर्स के माध्यम से दान किया गया है और भारत में 21% की तुलना में चीन में 50% ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं के माध्यम से दान किया गया है।[21] हालाँकि, भारत में 2020 तक डिजिटल लेन–देन USD 100b तक पहुंचने का अनुमान है और यह वृद्धि नए उपयोगकर्ताओं द्वारा संचालित होगी, जो भारत में ऑनलाइन दान की संभावना को प्रदर्शित करते हैं।[22]

संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिदिन दान की मार्केट को एक परिपक्व मार्केट माना जाता है। हाल के वर्षों में, रणनीतिक तकनीकी समाधानों जैसे कि फेसबुक डोनेट बटन और पेपल गिविंग फंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिदिन होने वाले दान को बढ़ावा दिया है, जिससे प्रतिदिन होने वाला दान जीडीपी के 2% तक बढ़ने में मदद मिली है। 2001 में, अमेरिकियों ने 9/11 हमले की प्रतिक्रिया में विभिन्न चौरिटीज को 2.2 बिलियन अमरीकी डॉलर का दान दिया था। यह किसी भी दुर्घटना की प्रतिक्रिया में दान किया गया अब तक का सबसे अधिक धन है।[23]

2012 में, #GivingTuesday, अमेरिका में थैंक्सगिविंग के तर्ज पर दान के लिए एक वैश्विक दिन निर्धारित किया गया था, इसके तहत 10 मिलियन अमरीकी डालर एकत्रित किये गये थे; 2018 में, #GivingTuesday में USD 380 मिलियन एकत्रित किये गये थे जो 83% CAGR की वृद्धि को प्रदर्शित करते हैं।[24] फेसबुक और पेपल के बीच की साझेदारी से 2018 में एक दिन में 7 मिलियन अमरीकी डालर एकत्रित किये गये थे।[25]

चीन में, पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रतिदिन होने वाले दान में 10% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण बड़े पैमाने पर नीति और प्रौद्योगिकी बाधाओं को कम करना रहा है।[26] टेनसेंट ने वीचैट पे, टेनसेंट फाउंडेशन और 99 चैरिटी डे को लॉन्च करके दान में आने वाली बाधाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।[27] 99 चैरिटी डे ने 2015, 2016 और 2017 में 3 दिनों के भीतर क्रमशः USD 19m, USD 45m और USD 122m दान के रूप में प्राप्त किये है।[28]

2001 में, भारत सरकार ने भुज भूकंप के बाद EG फंड जुटाने की अपील की, जिसने प्रवासी भारतीयों को भारत में दान देने के लिए उत्प्रेरित किया था।[29] इसके अलावा, छोटे एसपीओ के लिए GiveIndia नामक एक गैर–लाभकारी प्रौद्योगिकी समाधान बनाया गया था, ताकि उनके दानकर्ताओं के आधार को विस्तारित किया जा सके। डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में शुरू किये गये सरकारी नवाचारों जैसे इंडिया स्टैक और JMM (जन धन–आधार–मोबाइल) की तिकड़ी ने प्रतिदिन होने वाले दान के पक्ष में निरंतर सकारात्मक प्रभाव डाले हैं।[30] #GivingTuesday-India में 2017 में लॉन्च किया गया था, जो केवल एक वर्ष में 6.7 गुना बढ़ गया, 2017 में ₹1.4 करोड़ से बढ़ाकर 2018 में ₹9.03 करोड़ हो गया था।[31]

3

एसपीओ आज कम से कम 12 औपचारिक ऑफ़लाइन, ऑनलाइन और मिश्रित चैनलों के माध्यम से EG धन एकत्रित करते हैं। 80% से अधिक दान ऑफ़लाइन टेलीमार्केटिंग और फेस–टू–फेस इंटरैक्शन के माध्यम से एकत्रित किया जाता है, लेकिन ऑनलाइन और मिश्रित माध्यम लगातार बढ़ रहे हैं, जिन्हें डिजिटल शॉपिंग और पेमेंटों में होने वाली तेज वृद्धि और इच्छित लाखों दानकर्ताओं से समर्थन प्राप्त है।

चित्र 5

भारत में एसपीओ को प्रतिदिन दान के औपचारिक माध्यम



स्रोतः सत्त्व अनुसंधान, एसपीओ की वार्षिक रिपोर्ट (2016–17), क्राउडफंडिंग वेबसाइट, इंक 42 (2017), एनट्रैकर (2018), बिजनेस टुडे (2018), आर्ट फॉर कंसर्न (2018), सीएएफ (2019), बिजनेस स्टैंडर्ड (2014), फाइनेंशियल एक्सप्रेस (2017), यूएनवी (2018), विशेषज्ञों के साथ गुणात्मक साक्षात्कार।

सभी चैनल परस्पर अनन्य नहीं हैं। संख्याएँ अपरिवर्तनवादी नीचे से ऊपर की ओर अनुमान हैं। एफटीई को कानून द्वारा परिभाषित पूर्ण कालिक समय में कार्य के कुल घंटों की संख्या को प्रतिपूरक घंटों की अधिकतम संख्या से विभाजित करके परिभाषित किया गया है।

80% से अधिक औपचारिक धर्मार्थ दान फेस–टू–फेस और टेलीमार्केटिंग के परिचित ऑफ़लाइन चैनलों के माध्यम से प्राप्त किया जाना जारी है, जिसमें 20% की चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर (CAGR) से स्थिर वृद्धि हो रही है।[32] ऑनलाइन चैनल जैसे क्राउडफंडिंग, एसपीओ वेबसाइट के माध्यम से दान और नए इनोवेशन जैसे ऑनलाइन सदस्यता वाले दान पिछले पांच वर्षों में उभर कर सामने आये हैं और इनमें सीओजीआर के 30% से अधिक वृद्धि हो रही है।[33] पे-रोल दान और मैराथन जैसे मिश्रित चैनल प्रतिदिन के दानकर्ता को सहभागी बनाने और उन्हें ऑनलाइन दान में परिवर्तित करने के लिए ऑफ़लाइन रणनीतियों को लागू करके विशुद्ध ऑनलाइन चैनलों की तुलना में अच्छा काम करते हैं।

यह देखा गया है कि फेस–टू–फेस और टेलीमार्केटिंग के माध्यम से ऑफ़लाइन जुड़ने वाले दानकर्ताओं को बैंक ट्रांसफर और डिजिटल पेमेंट जैसे ऑनलाइन माध्यम से दान करने के लिए तेजी से प्रेरित किया जा रहा है जैसे जिसके परिणामस्वरूप ऑफ़लाइन तौर पर प्राप्त दान का 40% भाग ऑनलाइन एकत्रित किया जा रहा है।[34] रिटेल दान के ऑनलाइन दान में परिवर्तन होने की वृद्धि अधिक सूचित तरीकों से दान प्राप्त करने के तरीके तैयार कर रही है और इसलिए बाजार की प्रभावकारिता में भी वृद्धि हो रही है।

4 पिछले एक दशक में, भारत में नागरिक वचनबद्धता और स्वयंसेवा में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे वचनबद्धता के माध्यम से दान की क्षमता में वृद्धि हुई है।

चैरिटी ऐड फाउंडेशन (CAF) द्वारा तैयार किये गये वर्ल्ड गिविंग इंडेक्स 2018 के अनुसार, भारत में विश्व के सबसे अधिक व्यक्ति स्वयंसेवा और दान करते हैं जो अमेरिका और चीन से काफी अधिक है।[35] पिछले वर्ष के दौरान भारत में सामाजिक संगठनों के साथ काम करने वाले स्वयंसेवकों की संख्या 2.25 m पूर्णकालिक कर्मचारियों के बराबर थी।[36] दान उत्सव में प्रत्येक वर्ष 200 शहरों के 1,500 आयोजनों में 60 लाख से अधिक व्यक्ति शामिल होते हैं।[37] मेक ए डिफर–एन्स और टीच फॉर इंडिया को प्रत्येक वर्ष स्वयं सेवा और फैलोशिप कार्यक्रमों के लिए 20,000 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं।[38] यह, जागृति यात्रा जैसे सहभागिता कार्यक्रमों के प्रति बढ़ती रूचि से लाखो युवाओं से की समुदाय के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी मिलती है। कनेक्ट फॉर और आई वालंटियर जैसे ऑनलाइन वालंटियर मैचिंग प्लेटफॉर्म लाखों वरीयताओं और आधुनिक कामकाजी परिस्थितियों के लिए डिजाइन किये गये हैं और लाखों लोगों द्वारा पसंद किये जा रहे हैं। मैराथन और शहरी नागरिक आंदोलन जैसे चैनलों के माध्यम से नागरिक सहभागिता भी बढ़ रही है। भारत की चार मेट्रो मैराथनों में से एक मुंबई मैराथन के माध्यम से एकत्रित किया गया चैरिटेबल फंड, पिछले 10 वर्षों में सीएजीआर के 27% तक बढ़ा है।[39]

पिछले दशक में डिजिटल पैठ बढ़ने के कारण, नागरिकों के ऑनलाइन सहभागिता में काफी वृद्धि हुई है। #MeToo और #ALSIceBucketChallenge जैसे वैश्विक सामाजिक मीडिया आंदोलनों को भारत में स्वीकार और वायरल किया गया है।. #GivingTuesdayIndia, दान एकत्रित करने के ऑनलाइन तरीके के तहत एकत्रित होने वाला दान, 2017 में ₹1.4 करोड़ (USD 215 k) से बढ़कर 2018 में ₹9 करोड़ (USD 1.4 m) हो गया है।[40]
मुख्यधारा के डिजिटल प्लेटफार्मों से आपदा–राहत के लिए दान की पहल को एक आशाजनक प्रतिक्रिया मिली है – केरल में बाढ़ राहत कार्यों के लिए एक सप्ताह में 12 लाख उपयोगकर्ताओं से अकेले पेटीएम ने ₹30 करोड़ (USD 4.6 m) एकत्रित किये थे।[41]

सहभागी नागरिकों को दान के लिए दिलचस्प तरीकों से प्रेरित किया जा सकता है क्योंकि वे पहले से जागरूक है और योगदान दे रहे हैं, भारत में प्रतिदिन होने वाले दान को बढ़ाने के लिए सहभागित एक महत्वपूर्ण तरीका है।

5

भारतीय निवासियों और प्रवासी भारतीयों की बढ़ती आय, नये डिजिटल साधनों और बाजार नवाचारों के प्रति झुकाव से संकेत मिलते हैं कि भारत के औपचारिक दानार्थ EG में चार गुना वृद्धि ~ ₹15,500 करोड़ / USD 2.3b, तक होने की संभावना है और इसका देश में अगले 3-5 वर्षों के दौरान कुल लोक–हितैषी दान में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

चित्र 6

भारत के लोक–हितैषी दान में औपचारिक धर्मार्थ EG का योगदान और अगले 3-5 वर्ष के भीतर इसमें वृद्धि की संभावना

3 परिदृश्यों EG दानकर्ताओं में वृद्धि की संभावना, USD 2,324 M/₹15,492 करोड़ तक वृद्धि



मान लें कि भारतीय दानकर्ता ₹2,200/वर्ष का 1 योगदान देते हैं और प्रवासी USD 35/वर्ष दान देते हैं

भारत में लोक–कल्याण की भावना के लिए वर्तमान में EG योगदान

वर्तमान EG योगदान (USD 528 m / ₹3521 करोड़) भारत में लोक कल्याण के लिए होने वाले कुल दान का 6% है (USD 8.6b / ₹57.5k करोड़)



(USD मिलियन में)

स्रोतः वर्ल्ड बैंक (2018), आइस360 (2017), लेबर ब्यूरो (2016), बिजनेस लाइन (2018), कोटेक (2018), सीआईए (2018), सीएएफ (2012–15), सीएसआईपी (2018), डेल्बर्ग (2017), ओईसीडी (2016), द हुरन रिसर्च इंस्टीट्यूट (2013 14, 15, 16), नेशनल सीएसआर पोर्टल (2018), एसडीजीफंडर्स (2010–15)

वर्तमान लोक–हितैषी दानकर्ताओं की संख्या एक वर्ष की समयावधि के लिए हैं, जो 2015–18 के बीच प्रासंगिक हैं; वित्त पोषण के सभी सरकारी स्रोतों, प्रभावी निवेशों, ODA ऋण व निवेश को शामिल नही किया गया है।

बाजार की विकासशील स्थिति के होते हुए भी एक त्वरित डिजिटल क्रांति के साथ संयुक्त तौर पर दान देने की लोगों की प्रवृत्ति का अर्थ है कि भारत सामाजिक विकास के लिए औपचारिक दान के हिस्से को बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। दान की बढ़ती क्षमता से भारत के मध्यम वर्ग के आकार और संपदा में विस्तार स्पष्ट है। वर्तमान में, हमारे शोध से पता चलता है कि 40.6 m भारतीय निवासी और 15.7 m भारतीय प्रवासियों के प्रतिदिन दान की क्षमता उनकी आय पर आधारित है।[42] उच्च/ ऊपरी मध्य वर्ग में आने वाले घर 2030 तक दोगुने हो जाएंगे और 2022 तक हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनडब्ल्यूआई) तक दोगुनी हो जायेगी 2050 तक, 560m भारतीय मध्यम वर्ग में शामिल हो जाएंगे, जिससे यह देश का सबसे बड़ा आय वर्ग बन जाएगा।[43] प्रवासियों की दान क्षमता एक अन्य प्रेरक है, जिसे देखते हुए यूएस प्रवासियों का दान यूएस विदेशी सहायता के बराबर USD 3b तक पहुँच सकता है।[44]

6

2021 तक फेस-टू-फेस और टेलीमार्केटिंग चैनलों का वर्चस्व जारी रह सकता है, लेकिन पे-रोल दान, क्राउडफंडिंग और ई-कॉमर्स-आधारित दान दृढ़तापूर्वक वृद्धि की ओर अग्रसर हैं।

चित्र 7

संवहन और महत्वाकांक्षा 2021 EG चैनल के अनुसार विकास का आकलन



स्रोतः इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (2018), स्टेटिस्टा (2019), गाइडस्टार इंडिया (2019), ईटी टेक (2018), बिजनेस स्टैंडर्ड (2018), बीसीजी (2017), टेनसेंट फाउंडेशन (2017), पिंकथॉन (2019), सत्त्व रिसर्च

*विकास क्षमता चैनलों के आपसी संपर्क के प्रभावों पर विचार नहीं करती है।

तकनीक के माध्यम से EG को औपचारिक रूप देने के लिए पारिस्थितिक प्रोत्साहन भी स्पष्ट है और संकर्षण प्राप्त कर रहा है। दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते ई–कॉमर्स, स्मार्टफोन और मोबाइल वॉलेट बाजार के रूप में, भारत में 2020 तक डिजिटल लेन–देन का बाजार USD 100 b (₹ 650 k करोड़) तक पहुँच सकता है।[45] डिजिटल इंडिया और प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से सरकार की पहल ने लाखों लोगों को बैंकिंग से जोड़ दिया है। जेएएम और इंडिया स्टैक प्लेटफॉर्मों ने सामाजिक–आर्थिक समूहों के बीच बड़े पैमाने पर डिजिटल लेनदेन के लिए आश्वासन दिया हैं। शुरुआती डिजिटल दान के समाधानों पर आश्चर्यजनक प्रतिक्रियाएँ यह भी सुझाव देती हैं कि भारत ऑनलाइन दान में तीव्रता से वृद्धि करने के लिए तैयार हैः। केरल में बाढ़ राहत कार्यों के लिए 48 घंटों के भीतर पेटीएम उपयोगकर्ताओं से ₹10 करोड़ (USD 1.5 m) एकत्रित किये गये थे;[46] भारत के वीर ऐप के माध्यम से पुलवामा में शहीद सैनिकों के परिवार वालों के लिए 36 घंटे के भीतर ₹7 करोड (USD 1.1 m) एकत्रित किये गये थे;[47]'ओला माय राइड माय कॉज़' के माध्यम से कैंसर पीड़ितों के लिए प्रतिवर्ष अनुमानित ₹5.5 करोड़ (USD 0.8 m) एकत्रित किये जाते हैं ।[48]

औपचारिक EG चैनल महत्वपूर्ण विकास क्षमता दिखाते हैं। 20% सीएजीआर पर उनके आकार और स्थिर विकास के कारण, 2021 तक फेस–टू–फेस और टेलीमार्केटिंग चैनल हावी रहेंगे। 2021 भारत में प्रतिदिन दान की मार्केट ऑनलाइन और मिश्रित चैनल विकासशील हैं या विस्तार कर रहे हैं और कई बाहरी समाधानों द्वारा तीव्रता से बढ़ सकते हैं: यदि भारतीय मार्केट के अग्रणी प्लेटफार्म साल भर के दान के विकल्प को चालू रखें तो ई–कॉमर्स और मोबाइल पेमेंट प्लेटफार्म ₹800 करोड़ / USD 120m तक बढ़ सकते हैं। यदि भारत के 30% पंजीकृत एसपीओ को मजबूत ऑनलाइन अभियान चलाने के लिए संसाधनों प्रदान किये जाते हैं तो क्राउडफंडिंग ₹780 करोड / USD 117 m तक बढ़ सकती है। एसपीओ वेबसाइटें ₹420 करोड़ / USD 63 m तक बढ़ सकती हैं यदि टेलीमार्केटिंग और फेस–टू–फेस इंटरैक्शन से जुड़ने वाले ऑफलाइन दानकर्ताओं में से 10% को साइट पर निर्देशित किया जाता है। पे-रोल दान ₹373 करोड़ / USD 56m तक बढ़ सकता है, यदि भारत में शीर्ष 20% कंपनियां पे-रोल दान वाले उत्पाद पेश करती हैं, और एक डिजिटल पे-रोल दान वाला उत्पाद वैश्विक मानकों के बराबर संकर्षण वृद्धि प्राप्त करता है। भारत में सामूहिक दान, # GivingTuesdayIndia2018 पहले ही एक वर्ष में 6.7 गुना बढ़ कर ₹9 करोड़ / USD 1.4m हो चुका है और यह बढ़कर ₹141 करोड़ / USD 21.1 m हो सकता है। सोशल मीडिया अभी तक भारत में दान के लिए एक प्रत्यक्ष माध्यम नहीं है, लेकिन अगर भारत चीन में ऑनलाइन दान के पहले पांच वर्षों में वीचैट और वीचैट पे के माध्यम से एकत्रित दान की बराबरी कर लेता है, तो भारत में यह ₹100 करोड़ / USD 15 मीटर तक एकत्रित किया जा सकता है।



भारत में प्रतिदिन होने वाले दाने के लिए समाधान तंत्र

खंड 2

पूर्ण रिपोर्ट के खंड 2 तक
पहुंचने के लिए स्कैन करें

प्रतिदिन दानकर्ताओं और उनको दिये जाने वाले कारणों के बीच संबंध तीन तरीके से स्थापित किया जा सकता है:

सीधे एसपीओ को,

ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से, और

ऑफ़लाइन सुविधाप्राप्त के माध्यम से, जो विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं दान को एक पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसमे शामिल हैं:

बिचौलियों को सक्षम करना जो एसपीओ के लिए कार्य और प्रमाणीकरण करते हैं, निधिकरण प्रयासों का समर्थन करना, ज्ञान और डेटा तैयार करना या भुगतान सक्षम करना

विनियामक निकाय जो नीतियां निर्माण और कार्यान्वित करते हैं,

फंड देने वाले और

प्रभावक– लोग और प्लेटफॉर्म – जो ऐसे दानकर्ताओं तक पहुँचते हैं और परिवर्तित करते हैं, जिन तक अब तक पहुँचा नही गया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत के रिटेल दान का पारिस्थितिकी तंत्र नवजात है, लेकिन संगठनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और साथ ही बाजार को विकसित करने के लिए संस्थाओं के बीच साझेदारी और सहयोग भी बढ़ रहा है।...

चित्र 8

प्रतिदिन दान के समाधानों के परिदृश्य का विस्तार

यह सभी संस्थाओं की व्यापक सूची नहीं है, बल्कि शोध के द्वितीयक स्रोतों पर आधारित एक परिदृश्य है

7

भारत के प्रतिदिन के दानकर्ता चार कारणों से प्रेरित होते हैंः सुविधा, तात्कालिकता, समुदाय और प्रभाव। दानकर्ता व्यक्तिगत रूप से सामाजिक कारणों के साथ जुड़ना पसंद करते हैं, लेकिन विश्वसनीय एसपीओ, दान के प्रासंगिक माध्यमों और नियामक बाधाओं पर जानकारी की कमी दान में बाधा डालते हैं।

हमारे शोध से पता चलता है कि प्रतिदिन दानकर्ता नियमित व पुरगौर दानकर्ता बनने से पहले दान की प्रक्रिया के कई चरणों से गुजरते हैं। उनका दान व्यवहार और वरीयताएँ दान के बारे में मूलभूत मान्यताओं से उत्पन्न होते हैं, जैसे बेहतर भविष्य के लिए उत्तरदान, पारिवारिक परंपरा को आगे ले जाना, भविष्य में आभार प्रकट करना, या दान क्योंकि उन्हे महसूस होता है कि यह सही है या ईश्वर की इच्छा है। वे अपनी दान यात्रा के अन्वेषण में विभिन्न चरणों के माध्यम से चार मुख्य ट्रिगर के कारण आगे बढ़ते हैंः सुविधा, तात्कालिकता, समुदाय और प्रभाव।

प्रक्रिया की सुविधाः दान की अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में, दान के मार्ग में आने वाले उन अवरोधों को कम करना– जिससे दानकर्ता की पसंद, समय, प्रयास, आदि में सुधार होते हैं – भारत में अभी नया हैं। सत्त्व के प्रतिदिन दान के विविध परिमाणों के तहत 59% उत्तरदाताओं ने कहा है कि यदि प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक होती तो उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है। दान में सुगमता लाने को प्राथमिकता देने वाले समाधानों से परिणाम प्राप्त हुए हैंः बेनेविटी वैश्विक तौर पर कार्यस्थल दान के माध्यम से प्रत्येक वर्ष USD 1 b (₹650 करोड़) एकत्रित करता है जबकि गिवइंडिया सदस्यता दान और पे-रोल प्रोसेसिंग में आशाजनक परिणाम देखे गये हैं।[49]

कारण की तात्कालिकताः जहां दान की जरूरत समयबद्ध और अति आवश्यक है, प्रतिदिन दानकर्ताओं को उल्लेखनीय तौर पर सकारात्मक तरीकों से प्रतिक्रिया करने के लिए ट्रिगर किया जा सकता है।[50] 2018 में केरल बाढ़ के राहत कार्यों के लिए केवल 48 घंटों में एक अकेले मोबाइल वॉलेट प्लेटफ़ॉर्म ने ₹10 करोड़ (USD 1.5 m) एकत्रित किये थे, जो आपदा–राहत के लिए दान की क्षमता को दर्शाता है। कॉरपोरेट्स बताते हैं कि आपदाओं से निपटने के लिए कार्यस्थल दान में तुरंत वृद्धि देखी जाती है।[51]

